# आकाशवाणी शिमला

**24.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के मां ज्वालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण पर सौ करोड़ रूपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निपटारा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में आज जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में जन कल्याण की दिशा में अनेक योजनाएं शुरू की हैं। धर्माणी ने बताया कि इन योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ताकि योजनाएं धरातल पर ज़रूरतमंदों को लाभान्वित कर सकें।

**पशु मित्र**

प्रदेश सरकार ने पशुपालन विभाग में चतुर्थ श्रेणी के खाली पद भरने के लिए पशु मित्र नीति अधिसूचित कर दी है। भर्ती प्रक्रिया के लिए संबंधित जिलों में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक पदों को विज्ञापित करेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददता....**

***पशुपालन विभाग ने पशुमित्रों की नियुक्ति  लिए नियम तय कर दिये हैं पशुमित्रों से रोज चार घंटे ड्यूटी ली जाएगी हर महीने 5000 मानदेय  दिया जाएगा। पंजीकृत पशुओं वाले आवेटकों को अधिकतम साढे चार अंक दिये जाएगे। जिस पंचायत के पशुपालक चिकित्सालय में पशु मित्र की नियुक्ति होनी है उसी पंचायत के स्थानीय निवासी के लिए नियुक्ति के लिए एक अतिरिक्त अंक मिलेगा। एक माह में एक अवकाश मिलेगा। महिलाओं के लिए 180 दिन का मातृत्व छुट्‌टी मिलेगी। पशु मित्र नियमितिकरण का दावा नहीं कर सकते। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।***

**प्रधानमंत्री – प्रकाश पर्व**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएँ जीवन को आलोकित करती हैं और हमें करुणा, विनम्रता व सेवा के मूल्यों का विनम्र स्मरण कराती हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रज्ञा मार्ग पर चलने की अपील की है ताकि यह दुनिया एक बेहतर स्थान बन सके। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रकाश पर्व के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्री गुरू ग्रंथ साहिब की शिक्षाएं समाज को सेवा, सच्चाई और भाईचारे के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

**मणिमहेश यात्रा**

चम्बा जिला में चल रही मणिमहेश यात्रा फिर से शुरू हो गई है। ए.डी.एम. भरमौर कुलबीर राणा ने बताया कि भारी बारिश के चलते सुंदरासी में हुए भू–स्खलन से यात्रा को रोका गया था लेकिन विभिन्न टीमों के सहयोग से मलबा हटाकर इसे आज सुबह से फिर से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि सकुशल यात्रा करें और भारी बारिश में अपने स्थानों पर सुरक्षित रुके रहें।

**जगत सिंह नेगी**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल सोलन के परवाणू में एच.पी.एम.सी. के संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र में जूस तैयार करने के कार्य का अनुश्रवण कर अधिकारियों को उचित दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ट्रांसपोर्टरों व अन्य लोगों के साथ बातचीत की और विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध निपटारे का आश्वासन दिया।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित अनेक भागों में बीते 24 घंटों के दौरान व्यापक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने 26 अगस्त तक अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।